# लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

## निविदा प्रपत्र

**उद्देश्यः लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर की सफाई व्यवस्था निजी संस्था से कराया जाना**

**कार्य की परिधि : निविदादाता द्वारा निम्नांकित कार्य किए जायेंगे–**

**(अ) प्रतिदिन किए जाने वाले कार्य –**

1. सार्वजनिक लैट्रिन तथा बाथरूम में उच्चकोटि के फिनॉयल तथा विम का प्रयोग करके साफ किए जायेंगे। यूरीनल की सफाई करके नेफ्थलीन बाल डालना।
2. पूरे परिसर, लॉन व प्रांगण, सड़कों में झाडू लगाना।
3. परिसर का कूड़ा बाहर प्रतिदिन ले जाया जायेगा, निर्धारित स्थान पर ही फेंका जायेगा।
4. पर्याप्त संख्या में मानव शक्ति उपलब्ध रहना ताकि तात्कालिक आवश्यकता पड़ने पर सफाई कार्य तुरन्त किया जा सके।

**(ब) सप्ताह में किए जाने वाले कार्य–**

1. आवश्यकतानुसार गैमेक्सीन, ब्लीचिंग पाउडर, फिनिट अथवा अन्य कीटनाशकों का प्रयोग करके सफाई किया जाना।
2. परिसर प्रांगण की घास/अन्य खरपतवार की कटाई/सफाई किया जाना।
3. भवन में कूड़ा डस्ट की सफाई किया जाना।
4. परिसर में स्थापित विभिन्न मूर्तियों, फव्वारों एवं नालियों की सफाई।

**(स) माह में किए जाने वाले कार्य–**

1. चोक नालियों की सफाई किया जाना।
2. परिसर स्थित लॉन में उगे पेड़े–पौधों, घास इत्यादि की सफाई।
3. भवनों की छत पर चोक बरसाती पानी निकासी के लिए नालियों की सफाई।

---

मुख्य परिसर एवं नवीन परिसर में किए जाने वाले कार्यों का एवं क्षेत्र का विवरण क्रमशः 3ए, एवं 3बी में संलग्न है। पारस्परिक सहमति से कार्य क्षेत्र/स्थल में परिवर्तन किया जा सकेगा।

<u>निविदा की सामान्य शर्तें</u> :–

1. निविदादाता के वाणिज्य अधिष्ठान होने की स्थिति में वह 'उत्तर प्रदेश दुकान और वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम–1962' तथा 'कम्पनी की स्थिति में कम्पनी अधिनियम 1965' (लागू होने की स्थिति में) के अन्तर्गत होनी चाहिए जिसका प्रमाण टेक्निकल बिड के अनुसार प्रस्तुत किया जायेगा। उसे ठेका श्रम (विनियमन और उत्सादन) अधिनियम–1970 की धारा–12 के अधीन अनुज्ञापित धारी होना चाहिए।

2. निविदादाता को विभिन्न श्रम अधिनियमों यथा संविदा श्रम (विनियमन तथा उत्सादन) अधिनियम–1970, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम–1948, कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम–1952 तथा कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम–1948' (लागू होने की स्थिति में) के समस्त प्राविधानों का पूर्णरूपेण पालन करने सम्बन्धी लिखित आश्वासन (अण्डर टेकिंग) तकनीकी बिड के साथ प्रस्तुत करना होगा।

3. निविदादाता को क्लीनिंग सर्विसेज का (आई0एस0ओ0) प्रमाण–पत्र तकनीकी बिड के साथ प्रस्तुत करना होगा, जो निविदा खुलने की तिथि तक अवश्य विधि मान्य हो।

4. निविदादाता को विगत तीन वर्षों (वित्तीय वर्ष 2014–15, 2015–16 एवं 2016–17) में किसी बड़ी प्रतिष्ठित निजी या शासकीय में उक्त प्रकृति की सफाई का कार्य करने सम्बन्धी अनुभव होना चाहिए जिसका प्रमाण पत्र तकनीकी बिड के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य है।

5. निविदादाता को नोटरी द्वारा प्रमाणित इस आशय का एक शपथ पत्र देना कि उसकी कम्पनी/फर्म कभी किसी शासकीय/अर्द्धशासकीय/शासकीय सहायता प्राप्त स्वायत्तशासी संस्था में ब्लैक लिस्ट नहीं की गई है।

6. निविदादाता द्वारा सफाई कार्य में आने वाले समस्त उपकरण व स्वचालित उपकरणों की सूची एवं उपलब्ध का प्रमाण–पत्र तकनीकी बिड के साथ प्रस्तुत किया जायेगा जिसमें कूड़ा मोटर गाड़ी, कूड़ा ठेला, फर्स्ट एड बॉक्स आदि शामिल होंगे। उक्त उपकरणों को एम0ओ0यू0 करने के पूर्व दिखाना होगा। इसके लिए अलग से कोई भुगतान नहीं किया जायेगा।

7. निविदादाता को कार्य हेतु अनुभवी मानव शक्ति का प्रमाण तकनीकी बिड के साथ प्रस्तुत करना होगा।

8. निविदादाता को जिलाधिकारी द्वारा जारी हैसियत प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा। निविदादाता की न्यूनतम हैसियत रुपये एक करोड़ से कम नहीं होनी चाहिए।

9. निविदादाता (फर्म / कम्पनी) द्वारा विगत 03 (तीन) वर्षों (अर्थात् 2014–15, 2015–16 एवं 2016–17) की चार्टेड एकाउण्टेंट से प्रमाणित लाभ–हानि खाता तकनीकी बिड के साथ उपलब्ध करायी जायेगी, जिसमें औसत वार्षिक टर्नओवर रुपये दो करोड़ होनी चाहिए।

10. निविदादाता द्वारा विगत तीन वर्षो (अर्थात् 2014–15, 2015–16 एवं 2016–17) का आयकर रिटर्न दाखिल करने का प्रमाण पैन नम्बर, वस्तु एवं सेवाकर सहित टेक्निकल बिड के साथ संलग्न करना होगा।

11. निविदादाता सफाई कार्य हेतु तैनात किए गए समस्त कर्मियों को उचित यूनीफार्म एवम् पहचान पत्र स्वयं के व्यय से उपलब्ध करायेंगे जिसे पहनकर वह समस्त कार्यों का संचालन करेंगे। यूनीफार्म व पहचान पत्र का निर्धारण लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा किया जायेगा।

12. सफाई कार्य में प्रयोग होने वाली उच्च गुणवत्ता की सामग्री (फिनॉयल, एसिड, विम, नेफ्थलीन की गोलियाँ, ब्रुश, झाडू आदि) की आपूर्ति अपने सफाई कर्मियों को निविदिदाता द्वारा अपने व्यय पर की जायेगी। इस हेतु किसी प्रकार का अग्रिम निविदादाता को नहीं दिया जायेगा।

13. सफाई कार्यों का निरीक्षण समय–समय पर किया जायेगा। निविदादाता द्वारा किए गए कार्य में त्रुटि पाये जाने की दशा में निर्धारित क्षति की वसूली लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा सफल निविदादाता के पावकों व जमानत राशि से की जायेगी।

14. निविदादाता द्वारा सफाई कार्य पूर्ण या आंशिक रूप से न करने पर लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा दूसरी व्यवस्था कर ली जायेगी और इस पर जो धनराशि व्यय होगी इसकी प्रतिपूर्ति निविदादाता की देय व जमानत धनराशि से की जायेगी।

15. सफल निविदादाता संविदा श्रम (विनियमन तथा उत्सादन) अधिनियम–1970 की धारा–12 के प्राविधानानुसार प्राप्त अनुज्ञप्ति पत्र (लाइसेंस) में उल्लिखित शर्तों के पूर्ण पालन हेतु उत्तरदायी होगा।

16. लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के भवन या भवन की किसी सम्पत्ति को यदि निविदादाता के किसी कर्मचारी / स्टाफ के द्वारा कोई क्षति पहुँचाई जाती है तो उस क्षति की प्रतिपूर्ति सफल निविदादाता के पावकों या जमानत से की जायेगी।

17. सफल निविदादाता अपने कर्मियों के कृत्यों के प्रति व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे।

18. सफल निविदादाता सफाई का कार्य, कार्य दिवसों में प्रातः 8:00 बजे से 9:00 बजे तक सफाई कार्य पूर्ण करायेगा तथा दोपहर 1:00 बजे पुनः एक बार

शौचालयों/बाथरूमों की सफाई सुनिश्चित करायेगा। अवकाश दिवसों में भी आवश्यकता अनुसार सफाई व्यवस्था सुनिश्चित हो सके इसके लिए पर्याप्त संख्या में ऐसे दिवसों में भी उपलब्ध रहना सुनिश्चित करायेगा।

19. उक्त कार्य हेतु लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ में 25 सफाई कर्मियों एवं 02 सुपरवाइजर को प्रत्येक कार्य दिवस उपस्थित रहना अनिवार्य है।

20. सफाई कार्य हेतु निविदादाता द्वारा प्रत्येक कैम्पस में एक सुपरवाइजर रखे जायेंगे जिनकी देखरेख में सफाई कार्य निष्पादित होगा। सफाई कार्य में किसी प्रकार भी बाधा आने पर सुपरवाइजर द्वारा कार्य अधीक्षक के संज्ञान में नम्रतापूर्वक लाया जायेगा। पुराने परिसर में व द्वितीय परिसर में सफाई कर्मी रखे जायेंगे जिन्हें आवश्यकतानुसार कार्य अधीक्षक द्वारा बदला जा सकेगा।

21. सफल निविदादाता द्वारा एक शिकायत रजिस्टर रखा जायेगा जिसमें नियमित सफाई कार्यों के अतिरिक्त अन्य किसी सफाई कार्य को कराने अथवा न होने की शिकायत दर्ज कराई जायेगी एवं वह उक्त शिकायत के त्वरित निस्तारण की व्यवस्था करेगा।

22. लखनऊ विश्वविद्यालय की सफल निविदादाता की किसी सामग्री की क्षति, चोरी व टूट–फूट के लिए जिम्मेदारी नहीं होगी।

23. लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा सफल निविदादाता को सफाई कार्यों के समपादन हेतु पानी एवं बिजली की आपूर्ति निःशुल्क की जायेगी तथा कोई मूल्य नहीं लिया जायेगा।

24. निविदादाता को अर्नेस्ट मनी के रूप में रु0 50,000.00 (रुपये पचास हजार) मात्र का बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो वित्त अधिकारी, लखनऊ विश्वविद्यालय के नाम तथा जनपद लखनऊ में देय होगा और जिसे निविदा पत्र के आवेदन के साथ संलग्न करना होगा। जिस निविदादाता की निविदा स्वीकार की जायेगी उसे लखनऊ विश्वविद्यालय के साथ लिखित अनुबन्ध पत्र निष्पादित करना होगा। जिन निविदादाताओं की निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी उनकी अर्नेस्ट मनी के रूप में जमा धनराशि उनके आवेदन पर निविदा के आधार पर सफल निविदादाता के चयन होने के एक माह के पश्चात् वापस कर दी जायेगी। सफल निविदादाता की अर्नेस्ट मनी सिक्योरिटी में परिवर्तित मान ली जायेगी एवं निविदा अवधि के पश्चात् वापस होगी।

25. सफल निविदादाता के मासिक देयक का भुगतान कार्य अधीक्षक, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ की संस्तुति पर किया जायेगा।

26. सफल निविदादाता द्वारा मासिक भुगतान हेतु बीजक कार्य अधीक्षक, लखनऊ विश्वविद्यालय को प्रतिमाह 7 तारीख तक उपलब्ध कराया जायेगा। उसे यह भी सुनिश्चित करना होगा कि कार्य पर लगाये गये कर्मियों को पारिश्रमिक का भुगतान एक पूर्व निर्धारित तिथि पर प्रतिमाह कर दिया जाए।

27. सफल निविदादाता सर्विस टैक्स या अन्य कोई टैक्स जो प्रभावी हो, का भुगतान करने हेतु स्वयं उत्तरदायी होगा। सर्विस टैक्स का पिछले 03 वर्ष का रिटर्न का प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।

28. प्रस्तावित व्यवस्था प्रथमतः 03 माह हेतु लागू की जायेगी। यदि संतोषजनक परिणाम प्राप्त होते हैं तो यह अवधि पारस्परिक सहमति से बढ़ायी जा सकती है।

29. निविदा में प्रस्तावित कार्य–कलाप को सम्पन्न करने के लिए सफल निविदादाता के साथ लखनऊ विश्वविद्यालय एक अनुबन्ध करेगा जिसकी अवधि शर्त (29) के अधीन 03 वर्ष की होगी।

30. लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा सफल निविदादाता की जिस दर को स्वीकार किया जायेगा, वह दर अनुबन्ध अवधि के लिए लागू होगी। संविदा अवधि के दौरान उस दर में कोई वृद्धि (एस्कलेशन) नहीं दिया जायेगा।

31. निविदादाता को शासनादेश संख्या 4/1/2008–का–2/2008 दिनांक 23.01.2008 के अनुसार प्रस्तावित सफाई व्यवस्था से उत्पन्न होने वाले रोजगार का 21 प्रतिशत अनुसूचित जााति के व्यक्तियों, 02 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों तथा 27 प्रतिशत अन्य पिछड़े वर्ग के व्यक्तियों को प्रदान करना होगा।

32. सफाई सामग्री सुरक्षित रखने के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा सफल निविदादाता को भवन परिसर में 01 (एक) कक्ष आवंटित किया जायेगा, जिसमें रखे सामान की सुरक्षा का दायित्व निविदादाता का होगा।

33. भवन/सड़कों के सीवर, पाईप आदि में कूड़ा–कचरा नहीं भरा जायेगा तथा इसकी नियमित सफाई की जाती रहेगी ताकि भवन के भीतर या बाहर दूषित जल का भराव न हो सके।

34. टेक्निकल बिड तथा फाइनेंशियल बिड को संलग्नक सहित अलग–अलग लिफाफे में सीलबन्द किया जायेगा तथा सम्बन्धित लिफाफे पर टेक्निकल बिड व फाइनेंसियल बिड अंकित करना होगा तथा टेक्निकल बिड एवं फाइनेंशियल बिड के लिफाफे को एक बड़े लिफाफे में सीलबन्द किया जायेगा तथा बड़े लिफाफे के ऊपर 'लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ की सफाई व्यवस्था के लिए निविदा' अंकित

करना होगा। टेक्निकल बिड के साथ अर्नेस्ट मनी के रूप में बैंक ड्राफ्ट संलग्न किया जायेगा।

35. निविदादाता द्वारा तकनीकी बिड प्रारूप–1 में दिया जायेगा।

36. निविदादाता द्वारा फाइनेंशियल बिड प्रारूप–2 में दिया जायेगा। यह दर समस्त प्रकार के 'कर' एवं शुल्क समेत होगा।

37. निविदा में धनराशि का उल्लेख अंकों के साथ–साथ शब्दों में भी किया जाय।

38. सफल निविदादाता को अपने कार्यों के सफल निर्वहन के लिए संविदा धनराशि का 10 प्रतिशत धनराशि के बराबर धनराशि का परफारमेंस गारण्टी अनुबन्ध निष्पादित करने के समय देना होगा जिसमें अर्नेस्ट मनी को भी सम्मिलित माना जायेगा। परफारमेंस गारण्टी को राष्ट्रीयकृत या शेड्यूल्ड बैंक के बैंक गारण्टी के रूप में जमा करना होगा। बैंक गारण्टी वित्त अधिकारी, लखनऊ विश्वविद्यालय के नाम से होगा जिसकी अवधि अनुबन्ध अवधि तक होगी।

**39. निविदा प्रपत्र कुलानुशासक कार्यालय लखनऊ विश्वविद्यालय के कक्ष में रखे निविदा बाक्स में दिनांक 20.06.2018 को अपरान्ह 3:00 बजे तक स्वीकार की जायेगी। प्राप्त निविदाओं की टेक्निकल बिड को दिनांक 20. 06.2018 को उसी दिन अपरान्ह 4:00 बजे कुलानुशासक कक्ष में उपस्थित निविदादाताओं या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा।**

40. टेक्निकल बिड में अर्ह होने पर सम्बन्धित निविदादाता के फाइनेंशियल बिड को खोला जायेगा, जिसकी सूचना टेक्निकल बिड में अर्ह निविदादाताओं को दी जायेगी।

41. निविदा प्रपत्र का मूल्य 1000.00 (रु0 एक हजार मात्र) है जो निविदा प्राप्त करते समय देय होगी तथा टेक्निकल बिड के साथ संलग्न की जायेगी। इस धनराशि को किसी निविदादाता को वापस नहीं किया जायेगा।

42. लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वारा किसी या सभी निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार होगा।

43. विवाद निस्तारण के सम्बन्ध में लखनऊ न्यायालय का क्षेत्राधिकार होगा।

# लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

## टेक्निकल बिड का प्रारूप–1

| क्र0सं0 | विवरण | |
|---|---|---|
| 1. | निविदादाता फार्म / कम्पनी का नाम एवं पंजीयन प्रमाण पत्र | |
| 2. | स्थाई पता | |
| 3. | टेलीफोन का पता | |
| 4. | पत्राचार का पता | |
| 5. | फर्म / कम्पनी का पंजीकरण संख्या व अनुबन्ध पत्र पर हस्ताक्षर करने हेतु अधिकृत व्यक्ति का नाम / पदनाम | |
| 6. | संविदा श्रम अधिनियम 1970 में पंजीकरण प्रमाण | |
| 7. | न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 में पंजीकरण के अनुपालन का प्रमाण | |
| 8. | कर्मचारी भविष्य निधि 1952 के अनुपालन का प्रमाण | |
| 9. | कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 के अनुपालन का प्रमाण | |
| 10. | क्लानजिंग सर्विसेज का आई0एस0ओ0 प्रमाण पत्र | |
| 11. | अनुभव का विवरण अर्थात् विगत तीन वित्तीय वर्ष (2014–15, 2015–16 एवं 2016–17) में कार्य का विवरण | |
| 12. | ब्लैक लिस्ट न होने सम्बन्धी नोटरी शपथ पत्र | |
| 13. | पुलिस केस / कोर्ट केस न होने सम्बन्धी | |
| 14. | उपकरणों का विवरण | |
| 15. | उपलब्ध मानव शक्ति का विवरण–जिनकी संख्या न्यूनतम 30 हो, के सम्बन्ध में ई0पी0एफ0 / ई0एस0आई0 जमा किए जाने का पिछले 01 वर्ष के चालान की प्रति | |
| 16. | उल्लिखित बैंक से हैसियत प्रमाण पत्र | |
| 17. | विगत तीन वर्षों का लागत लेखाकार से प्रमाणित लाभ–हानि खाता | |
| 18. | पिछले तीन वर्षों (अर्थात वित्तीय वर्ष 2014–15, 2015–16 एवं 2016–17 का आयकर रिटर्न दाखिल करने का प्रमाण पत्र (पैन नम्बर सहित)) | |
| 19. | ई0पी0एफ0, रजिस्ट्रेशन नम्बर तथा दिनांक | |
| 20. | कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम का प्रमाण | |
| 21. | वस्तु एवं सेवाकर रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र पिछले 03 वर्ष के वस्तु एवं सेवाकर के रिटर्न की छायाप्रति संलग्न करें | |
| 22. | क्लीनिंग सर्विसेज का आई0एस0ओ0 प्रमाण पत्र | |
| 23. | निविदा प्रपत्र के रूप में रु0 एक हजार का विवरण | |
| 24. | अर्नेस्ट मनी के रूप में रु0 50,000 का ड्राफ्ट वित्त अधिकारी, लखनऊ | |

| | | |
|---|---|---|
| | विश्वविद्यालय के पक्ष में संलग्न का विवरण। | |

**निविदादाता के हस्ताक्षर मोहर तथा पता**

# लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

**वित्तीय बिड का प्रारूप–2**

| **क्र0सं0** | **पदनामवार** | **दर प्रतिमाह देय वस्तु एवं सेवाकर सहित** |
|---|---|---|
| 1. | सुपरवाईजर | |
| 2. | सफाई कर्मी | |
| | | |

**कुल देय धनराशि रु0 (शब्दों में)**

**निविदादाता के हस्ताक्षर मोहर तथा पता**

**ANNEXURE-2(1)**

List of materials to be used in both campuses per month by the firm for Sweeping and garbage removal

| **Sl.No.** | **Description of Items** | |
|---|---|---|
| 1. | Coco/hard broom | 20 |
| 2. | Phool/Soft broom | 05 |
| 3. | Toilet brush | 05 |
| 4. | Detergent Powder | 08 Kg |
| 5. | Bagon Spray/flit | 10 litre |
| 6. | **Garbage trolley/Thela Trolley** | **0 4 in each campus** |
| 7. | Pharwa/Tasla/Panja/Rake | 4 each |
| 8. | Naphalene balls etc. | 10 Kgs |
| 9. | Phenyl | 30 liters |
| 10. | Castic Powder | 5 Kg |
| 11. | Harpic 1 Lit. Bottle | 10 bottles |
| 12. | Bleeching Powder | 5 bag x 25 Kg. |
| 13. | scrubber | 2 in each campus |
| 14. | pocha | 6 +2 |

Contractor should ensure availability of consumable stock and equipments etc as mentioned in above list before commencement of contract. All materials should be available in stock during the first week of every month . Bills of the previous month shall be passed only when same is verified by AE (Civil).

**ANNEXURE 3a.**

**Information regarding area (Main campus) to be covered**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Sweeping and removal of garbage on approach roads, near gates and inside roads in the main campus (once daily or more as required.) | 4 Km<br>(avg 20 ft. wide) |
| 2. | Sweeping and removal of garbage from seven parking areas daily<br>(Gate No 2 parking, Gate No 3 Parking, Gate No. 4 Parking, Registrar Office Parking, Tagore Parking, ONGC building Parking, MBA Parking, Public Admn Parking. | 15,000 Sq. Mtr |
| 3. | Sweeping in gardens and lawn and removal/waste daily.<br>Tagore Lawn, Malviya lawn, Tennis lawn, quadrangle lawn, off Hindi lawn, Registrar Office lawn, Examination building lawn, Union building lawn and lawn area from culvert to Gate No. 1 on both sides of the road as well as Chattrapati Shivaji statue site | 45,000 Sq. Mtr. |
| 4. | Sweeping of Kutcha/concrete patthas daily and garbage removal (daily) | 3 Km<br>(avg. 10 ft wide) |
| 5. | Cleaning of 20 common toilets | 20 Nos |
| 6. | Cleaning of 12 drinking water spots daily | 12 Ns |
| 7. | Sweeping and removal of garbage on approach roads near gates and inside roads in the residential areas of main campus (once daily or as required) | 3 Kms length<br>(avg. 15 ft. wide) |
| 8. | Brooming of Kutcha/Concreate path and footpaths (daily) and garbage removal in residential area of main campus | 3 Kms length<br>(avg. 10 ft wide) |
| 9. | Sweeping/Cleaning of drains along the roads in residential area of main campus | 1.6 Km length. |

Contd........

**Annexure 3.b**

Information regarding area (Second Campus) to be covered

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Sweeping and removal of garbage on approach roads near gates and inside roads in the residential areas of second campus<br><br>(once daily or as required) | 3 Kms length<br>(avg. 15 ft wide) |
| 2. | Brooming of Kutcha/Concreate path and footpaths (daily) and garbage removal | 3 Kms length<br>(avg. 6ft wide) |
| 3. | Sweeping/Cleaning of drains along the roads | 1.6 Km length x 2 |

**Detailed Scope of Sweeping and garbage removal work**

- Sweeping roads (approximately 3 Kms length once a day or more as required to keep the campus clean.
- Cleaning of drains along the roads (3x2=6Km)
- Sweeping of footpaths alongside the above roads once a day or more as required to keep the campus clean.
- Sweeping of parking lots of IMS, Law faculty, Administrative block as well ITS.
- Teacher residence parking lot and entrance
- Removal of weeds from open areas, gardens and passages along the roads.
- Open area premises of Administrative block.
- Every day cleaning of Shivajee statue and surrounding area including cemented road and fountains in main campus.

**ANNEXURE-4**

## PERFORMANCE SECURITY FORM

To :

Registrar, University of Lucknow.

**WHEREAS** ........................................................................................ (Name of Service Provider) hereinafter called "the Service Provider" has undertaken, in pursuance of Contract No. .................... dated ........................ to provide ...................................................................... (Description of Services) hereinafter called "the agreement & offer letter".

**AND WHEREAS** it has been stipulated by you in the said offer that the Service provider shall furnish you with a Bank Guarantee by a recognized bank for the sum specified therein as security for compliance with the Service provider's performance obligations in accordance with the terms and conditions laid down in the contract agreement & offer letter.

**AND WHEREAS** we have agreed to give the Service provider a Guarantee:

**THEREFORE WE** hereby affirm that we are Guarantors and responsible to you, on behalf of the Service provider, up to a total of ....................................... (Rs...............................................................................) and we undertake to pay you, upon your first written demand declaring the Service provider to be in default under the terms and conditions laid down in the contract agreement & offer letter and without cavil or argument, any sum or sums within the limit of ...................... (Amount of Guarantee) as aforesaid, without your needing to prove or to show grounds or reasons for your demand or the sum specified therein.

This guarantee is valid until the .......... day of ................ 20...........

Signature and Seal of Guarantors

1.............................................................................................

Address:1 .....................................................

2...............................................................................................

Address:2 .....................................................

Date: ...............20......